This Question Paper consists of **43** questions and **8** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **43** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

| **Roll No.** **अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **Code No. 71/SS/335** **कोड नं.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**SET/सेट-** **A**

# MASS COMMUNICATION
# जनसंचार
# (335)

**Day and Date of Examination :** ______________________
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)**

**Signature of Invigilators :** **1.** ______________________
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

**2.** ______________________

*General Instructions :*

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**4.** Write your Question Paper Code No. **71/SS/335, Set - A** on the Answer-Book.

**5.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं **71/SS/335**, **सेट** - **A** लिखें।

**5.** (क) प्रश्न – पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं:
अंग्रेजी, हिंदी उर्दू, पंजाबी बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# जनसंचार
# (335)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 80**

**निर्देशः**
(i) इस प्रश्नपत्र में कुल **43** प्रश्न हैं।
(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दर्शाए गये हैं।
(iv) वैकल्पिक मॉड्यूल हेतु, सभी खण्डों में **वैकल्पिक मॉड्यूल - A** अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल - B** के प्रश्नों के उत्तर दें।
(v) **खण्ड – क में प्रश्न संख्या 1 से 16** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 0**1** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे **सही** उत्तर को चुनकर लिखें।
(vi) **खण्ड – ख में प्रश्न संख्या 17 से 28** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक के **02** अंक है। (**1**अंक वाले **2** उपभागों सहित)। निर्देशानुसार इनके उत्तर दें।

(vii) **खण्ड – ग में**
  (a) प्रश्न संख्या **29** से **35** तक अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के 0**2** अंक हैं, प्रत्येक का उत्तर **30** से **50** शब्दों में दें।
  (b) प्रश्न संख्या **36** से **41** तक लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के **03** अंक हैं, प्रत्येक का उत्तर **50** से **80** शब्दों में दें।
  (c) **प्रश्न संख्या 42 और** **43** - दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के **04** अंक हैं, प्रत्येक का उत्तर **80** से **120** शब्दों में दें।
(viii) इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन दिया गया है। इस प्रकार के प्रश्नों में दिए गए चयनों में से आपको कोई एक का उत्तर देना है।

**NOTE / निर्देशः**
(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

### खण्ड – क (बहुविकल्पीय)

प्रश्न संख्या **1** से **16** प्रत्येक **1** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।**(1 x16 = 16** अंक**)**

**1.** जनसंचार का मुख्य उद्देश्य है :
(A) केवल मनोरंजन करना
(B) सूचना देना, शिक्षित करना और मनोरंजन करना
(C) उत्पादों का विज्ञापन करना
(D) श्रोताओं को नियंत्रित करना

**2.** एस. आई.टी.इ. के माध्यम से कितने गाँवों में कार्यक्रय उपलब्ध कराए गए ?
(A) 240 (B) 380 (C) 1000 (D) 2400

**3.** रेडियो प्रसारण के लिए बने उच्च क्षमता ट्रांसमीटर कहाँ स्थित हैं ?

(A) शहर के अंदर (B) शहर की सीमा के बाहर

(C) कहीं भी (D) स्टूडियों में

**4.** ठुमरी और दादरा संगीत के कौन-से रूप हैं ?

(A) लोक संगीत (B) पश्चिमी शास्त्रीय संगीत

(C) धीमा शास्त्रीय संगीत (D) वाद्य संगीत

**5.** कार्यक्रम निर्माण का प्रथम चरण है :

(A) निर्माण (B) निर्माण-पश्चात

(C) निर्माण-पूर्व (D) वितरण

**6.** टेलीविजन कार्यक्रम के निर्माण पूर्व की अवस्था के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य किया जाता है ?

(A) भीड़ नियंत्रण (B) शूटिंग

(C) विचार मंथन (D) कैप्शन लेखन

**7.** कौन-सा कारक समाचारों को श्रोताओं के लिए अधिक प्रभावशाली बनाता है ?

(A) सटीकता (B) मानवीय रुचि

(C) निष्पक्षता (D) व्याकरण

**8.** न्यू मीडिया उपक्रमों निम्नलिखित में से किस व्यवसाय। उद्योग श्रेणी के अंतर्गत आते हैं ?

(A) SMEs (B) बड़े उद्योग

(C) उपर्युक्त दोनों (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा रेडियो फॉर्मेट पूरे देश में विभिन्न स्टेशनों को आपस में जोड़ता है ?

(A) सभी रेडियो फॉर्मेट (B) फोन-इन कार्यक्रम

(C) रेडियो ब्रिज (D) इंटरनेट रेडियो

**10.** प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया मुख्य रुप से किससे संबंधित है ?

(A) विज्ञापन (B) जनसंपर्क

(C) मीडिया आचार संहिता (D) मनोरंजन

**11.** इलेक्ट्रॉनिक मीड़िया का उदाहरण कौन-सा है ?

(A) पोस्टर (B) रेडियो (C) पैम्फलैट (D) पुस्तक

**12.** समाचार मूल्यों में शामिल हैं :

(A) सटीकता
(B) समय बद्धता
(C) प्रभाव
(D) उपर्युक्त सभी

**13.** AIR का पूरा नाम है :

(A) ऑल इंडिया रेडियो
(B) एशियन इंटरनेट रिसोर्स
(C) ऑडियो इन्फॉर्मेशन रिले
(D) एडवांस्ड इंडियन रेडियो

**14.** पत्रकारीता लेखन होना चाहिए -

(A) पक्षपाती
(B) जटिल
(C) स्पष्ट और सरल
(D) भावनात्मक

**15.** बच्चे मुख्य रूप से देखना पसंद करते हैं :

(A) समाचार चैनल
(B) कार्टून चैनल
(C) खेल चैनल
(D) प्रमाणविषयक चैनल

**वैकल्पिक मॉडयूल**

**वैकल्पिक मॉड्यूल – A (परंपरागत मीडिया)**

**16.** परंपरागत मीडिया मुख्य रूप से आधारित है :

(A) डिजिटल मंच
(B) मौखिक संचार
(C) इंटरनेट सेवाएँ
(D) उपग्रह प्रौद्योगिकी

**या**

**वैकल्पिक मॉड्यूल – B (फोटो पत्रकारिता)**

फोटो पत्रकारिता मुख्य रूप से केंद्रित है :

(A) चित्रण
(B) दृश्य कहानी सुनाना
(C) विज्ञापन
(D) चित्रकला

**खण्ड – ख (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

प्रश्न संख्या **17** से **28** (**2 x 12 =24** अंक)

**17.** रिक्त स्थान भरें :

(i) ___________ को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है।

(ii) शहरी और ___________ के बीच का अंतर कम होना भारत में भाषाई प्रेस के विकास की एक महत्वपूर्ण विशेषता है।

**18.** रेडियो फॉमेट में प्रयुक्त ध्वनि प्रभावों के बारे में 'सही' या 'गलत' बताइए।

(i) रुचि जगाने में ध्वनि की कोई भूमिका नहीं होती।

(ii) ध्वनी का उपयोग मूड को खुशनुमा करने के लिए किया जा सकता है।

**19.** विज्ञापन संबंधी दिशानिर्देशों के बारे में निम्नलिखित कथनों के बारे में सही या गलत बताइए ।

(i) विज्ञापन में कोई भी अतिशयोकितपूर्ण, विशिष्ट या गुमराह करने वाले दावे नहीं होने चाहिए।

(ii) विज्ञापन में महिलाओं को निष्क्रिय, अशक्त या आत्मसमर्पण किया हुआ दिखाया जा सकता है।

**20.** नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्दों से रिक्त स्थान भरें ।

एक सामुदायिक रेडियो संचालन के लिए सामुदायिक रेडियो ___________ आवश्यक होता है। इस स्टेशन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह स्थानीय ___________ में कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

(विकल्प : लाइसेंस/भाषा/विशेषाधिकार/स्टूडियो/शहर/उच्च स्तरीय उपकरण)

**21.** नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्दों का चयन कर रिक्त स्थान भरें ।

(i) जनसंपर्क एक ___________ संप्रेषण प्रक्रिया है।

(ii) जनसंपर्क का मुख्य उद्देश्य ___________ बनाना है।

(विकल्प : द्विभार्गीय/आधारभूत संरचना/सद्भावना/उच्च स्वर/जटिल)

**22.** **सही** या **गलत** ।

(i) विज्ञापन संचार का एक सशुक्ल रूप है।

(ii) जनसंपर्क एक उपशीर्षक और अप्रत्यक्ष विषय है।

**23.** **कॉलम** मिलाएँ ।

| **कॉलम - (I)** | **कॉलम - (II)** |
|---|---|
| (i) कला निर्देशक | (a) दृश्य प्रबंधन |
| (ii) कैमरापर्सन | (b) रचनात्मक डिज़ाइन संबंधी पहलुओं का प्रबंधन |

**24.** रिक्त स्थान करें ।

(i) रियलिटी शो एक प्रकार का ___________ कार्यक्रम है।

(ii) टेलीविजन कार्यक्रमों को मुख्य रूप से ___________ श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है।

25. **कॉलम** मिलाएँ।

| **कॉलम-(I)** | **कॉलम-(II)** |
|---|---|
| (i) स्क्रिप्ट राइटर | (a) कार्यक्रम के लिए लिखता है। |
| (ii) एंकर | (b) कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। |

**वैकल्पिक मॉड्यूल**

**मॉड्यूल - A (परंपरागत माध्यम)**

26. परंपरागत माध्यम मुख्य रूप से निम्नलिखित में उपयोगी है :

(i) मानव संचार

(ii) ग्रामीण संचार

(iii) ऑनलाइन शिक्षा

(iv) उपग्रह प्रसारण

(A) (i) और (ii) सही हैं

(B) (i) और (iii) सही हैं

(C) (ii) और (iii) सही हैं

(D) (iii) और (iv) सही हैं

**अथवा**

**मॉड्यूल – B (फोटो पत्रकारिता)**

फोटो फीचर में आम तौर पर ___________ होता है। इसे फोटो ___________ भी कहा जाता है।

**मॉड्यूल – A**

27. (i) लोक रंगमंच ___________ माध्यम का एक उदाहरण है।

(ii) कठपुतली ___________ संचार का एक प्रकार है।

**अथवा**

**मॉड्यूल – B**

दिए गए विकल्पों में से सही शब्द का चयन कीजिए।

(i) एक फोटो पत्रकार को ___________ का पालन अवश्य करना चाहिए।

(ii) फोटोग्राफी में आचार संहिता का अर्थ है ___________।

(विकल्प : प्रकाश/वायु/आचार संहित/संवाददाता/ईमानदारी/सकारात्मक दृष्टिकोण/रचना/पक्षपात)

**मॉड्यूल – A**

28. (i) परंपरागत माध्यम संस्कृति – विशिष्ट है। (सत्य/असत्य)

(ii) इसके लिए उन्नत तकनीक की आवश्यकता होती है। (सत्य/असत्य)

**अथवा**

**मॉड्यूल – B**

(i) तस्वीरों को (फोटो को) अत्यधिक संपादित करना नैतिक है। (सत्य/असत्य)

(ii) फोटो पत्रकार प्रशांत पंजियर 'आउटलुक' पत्रिका से जुड़े हैं।

**खण्ड – ग**

प्रश्न सं. **29** से **35** (अति लघुत्तरीय– **2 x 7 = 14** अंक)

**29.** सूचना अधिभार का क्या अर्थ है ?

**30.** न्यू मीडिया के कोई दो उदाहरण दीजिए।

**31.** रेडियो का आविष्कार किसने किया ?

**32.** भारत में प्रिंट मीडिया को विनियमित करने वाले संगठन का नाम बताइए।

**33.** मीडिया अभिसरण से आप क्या समझते हैं ?

**वैकल्पिक मॉड्यूल – A (परंपरागत माध्यम)**

**34.** नुक्कड़ रंगमंच और उसके अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए।

**35.** परंपरागत मीडिया के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।

**वैकल्पिक मॉड्यूल – B (फोटो – पत्रकारिता)**

**34.** फोटो पत्रकारिता के किन्हीं दो प्रकारों के नाम बताइए।

**35.** एक अच्छी रचना के कोई दो लाभ बताइए।

प्रश्न सं. **36** से **41** (लघुत्तरात्मक – **3 x 6 = 18** अंक)

**36.** समाज में जनसंचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

37. रेडियो फॉर्मेट के 'उच्चारित शब्द' के अंतर्गत आने वाले किन्हीं तीन प्रकार के रेडियो कार्यक्रमों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

38. टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण के चरणों को स्पष्ट कीजिए।

39. जनसंपर्क को परिभाषित कीजिए और इसके महत्त्व को समझाइए।

40. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन किन्हीं चार मीडिया इकाइयों की सूची बनाइए।

41. युवाओं पर न्यू मीडिया के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

प्र.सं.(**42** से **43** (दीर्घ उत्तरीय **– 4 x 2 = 8** अंक)

42. एक रेडियो स्टेशन की संरचना और कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए।

**वैकल्पिक मॉड्यूल – A (परंपरागत माध्यम)**

43. आधुनिक समाज में परंपरागत माध्यमों की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए।

**अथवा**

विकास संचार में पारंपरिक माध्यमों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

**वैकल्पिक मॉड्यूल – B (फोटो – पत्रकारिता)**

43. फोटो पत्रकारीता में नैतिकता के महत्त्व पर चर्चा कीजिए।

**अथवा**

समाचार रिपोर्टिंग में फोटोग्राफ की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

**- o O o -**